SHRI SAMARTH COMPUTERS, BARSHI

MS-CIT
World-class Comprehensive Computer Course

# Question Paper
## Set- I
**Std. – 10th MM/EM**
**Subject – हिंदी (संपूर्ण)**

MKCL KLiC Courses
Gateway to Knowledge Lit Careers

**Time : 3 Hrs** **Mrks : 80**

**सूचनाएँ –**
१) सूचना के अनुसार गदय, पद्य, पूरक पठन, भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है ।
२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।
३) रचना विभाग (उपयोजित लेखन) में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है ।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

## विभाग १ – गद्य २०

**प्र.१ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (८)

उन्होंने आगे प्रश्न किया – “लेकिन खाने पर गए तो कैसे ? जब मैं आया तो फिएट गाड़ी गेट पर खड़ी थी । गए कैसे ?”

कहना पड़ा – “हम इंपाला शेवरलेट लेकर गए थे ।”

बोले – “ओह हो, तो आप लोगों को बड़ी गाड़ी चलाने का शौक है ।”

बाबू जी खुद इंपाला का प्रयोग न के बराबर करते थे और वह किसी ‘स्टेट गेस्ट’ के आने पर ही निकलती थी । उनकी बात सुन मैंने अनिल भैया की तरफ देख आँख से इशारा किया । मैं समझ गया था कि यह इशारा इजाजत का है । अब हम उसका आए दिन प्रयोग कर सकेंगे ।

चाय खत्म कर उन्होंने कहा – “सुनील, जरा ड्राइवर को बुला दीजिए ।”

मैं ड्राइवर को बुला लाया । उससे उन्होंने पूछा – “तुम लॉग बुक रखते हो न ?”

उसने ‘हाँ’ में उत्तर दिया । उन्होंने आगे कहा – “एंट्री करते हो ?”

“कल कितनी गाड़ी इन लोगों ने चलाई ?”

वह बोला – “चौदह किलोमीटर ।”

उन्होंने हिदायत दी – “उसमें लिख दो, चौदह किलोमीटर निजी उपयोग ।”

तब भी उनकी बात हमारी समझ में नहीं आई फिर उन्होंने अम्मा को बुलाने के लिए कहा । अम्मा जी के आने पर बोले – “सहाय साहब से कहना, साठ पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से पैसे जमा करवा दे ।”

१) संजाल पूर्ण कीजिए। २



२) i) आकृति पूर्ण कीजिए। १




ii) एक शब्द में उत्तर लिखिए। १

१. इंपाला शेवरलेट किसके आने पर ही निकलती थी ?

२. लेखक ने कितने किलोमीटर गाड़ी चलाई थी ?

३) i) निम्नलिखित शब्दों से तद्धित बनाइए। १

१. शौक २. समझ

ii) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए। १

१. गाड़ी २. आँख

४) पहले और आज के नेताओं के संदर्भ में अपने विचार लिखिए। २

**प्र.१ आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** (८)

रामस्वरूप : (दरी उठाते हुए) और बीबी जी के कमरे में से हारमोनियम उठा ला और सितार भी।... जल्दी जा (रतन जाता है। पति-पत्नी तख्त पर दरी बिछाते हैं।)
प्रेमा : लेकिन वह तुम्हारी लाड़ली बेटी उमा तो मुँह फुलाए पड़ी है।
रामस्वरूप : क्या हुआ ?
प्रेमा : तुम्हीं ने तो कहा था कि उसे ठीक-ठाक करके नीचे लाना।
रामस्वरूप : अरे हाँ, देखो, उमा से कह देना कि जरा करीने से आए। ये लोग जरा ऐसे ही हैं। खुद पढ़े-लिखे हैं, वकील हैं, सभा-सोसायटियों में जाते हैं; मगर चाहते हैं कि लड़की ज्यादा पढ़ी-लिखी न हो।
प्रेमा : और लड़का ?
रामस्वरूप : बाप सेर हैं तो लड़का सवा सेर बी. एस्सी. के बाद लखनऊ में ही तो पढ़ता हैं मेडिकल कॉलेज में। कहता है कि शादी का सवाल दूसरा है, पढ़ाई का दूसरा। क्या करूँ, मजबूरी है।

१) संजाल पूर्ण कीजिए। २




२) i) कृति पूर्ण कीजिए। १




ii) कारण लिखिए। १

रामस्वरूप ने हारमोनियम उठाकर लाने को कहा -

३) i) पठित परिच्छेद में से लिंग शब्द की जोड़ी खोजकर लिखिए। १

ii) शब्दयुग्म पूर्ण कीजिए। १

१. पढ़े - __________ २. सभा - __________

४) किसी वाद्ययंत्र के संदर्भ में लिखिए। २

**प्र.१ इ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** ४

इसी तरह धरती पर विचरने वाले पशु-पक्षियों को देखकर यह अंदाज लगाया जा सकता है कि इनका अस्तित्व आज-कल का नहीं बल्कि इनके पूर्वज तो आदिकाल से ही पृथ्वी पर वास करते होंगे। भौगोलिक स्थिति एवं वायुमंडल में परिवर्तन होने के कारण वनस्पति तथा पशु-पक्षियों की प्रजातियाँ लुप्त हो गई होंगी। यही हाल आज भी है। परंतु इनके लुप्त होने के पीछे प्रमुख कारण प्राकृतिक आपदा न होकर हम लोग हैं। जो अपने लाभ के लिए जंगलों का विनाश कर रहे हैं। शायद हम यह भूल गए हैं कि हम उन पर आधारित हैं। अगर ये ही नहीं रहे तो हमारा सर्वनाश तय है। आज मनुष्य अपने काल की परवाह किए बिना जंगल को अंधाधुंध काट रहा है। अपनी जरूरतों की पूर्ति में सही – गलत का उसे होश ही नहीं रह गया हैं। खेती, घरों, कारखानों, फर्नीचर आदि के लिए वनों को काटा जा रहा है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई का ही परिणाम है कि हमें आज वर्षा, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से जूझना पड़ता है। कहीं पानी ही पानी है तो कहीं सूखा। यह सब वातावरण में आए हुए बदलाव का ही नतीजा है। वनों से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है। अगर वे नहीं रहेंगे तो हमारा क्या अस्तित्व ? बात वैसी ही हैं जैसे जानबूझकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना।

१) संजाल पूर्ण कीजिए। २

वनों को इन जरूरतों के लिए काटा जा रहा है।

२) 'वृक्ष के महत्त्व' पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। २

## विभाग २ – पद्य १२

**प्र.२ अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** (६)

मेरे घर छापा पड़ा, छोटा नहीं बहुत बड़ा
वे आए, घर में घुसे, और बोले-सोना कहाँ है ?
मैंने कहा-मेरी आँखों में है, कई रात से नहीं सोया हूँ
वे रोष में आकर बोले-स्वर्ण दो स्वर्ण !
मैंने जोश में आकर कहा-सुवर्ण मैंने अपने काव्य में बिखेरे हैं
उन्हें कैसे दे दूँ।
वे झुँझलाकर बोले, तुम समझे नहीं
हमें तुम्हारा अनधिकृत रूप से अर्जित अर्थ चाहिए
मैं मुसकाकर बोला, अर्थ मेरी नई कविताओं में है
तुम्हें मिल जाए तो ढूँढ़ लो
वे कड़ककर बोले, चाँदी कहाँ है ?
मैं भड़ककर बोला-मेरे बालों में आ रही है धीरे-धीरे

१) संजाल पूर्ण कीजिए। २

कवि के अनुसार

बालों में है

कविताओं में है

आँखों में है

काव्य में है

ज

२) i) निम्नलिखित शब्दों से तद्धित बनाकर लिखिए। १

१. जोश २. अर्थ

ii) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए। १

१. रात्रि २. कविता

३) प्रस्तुत पद्यांश की प्रथम तीन पंक्तियों का सरल अर्थ लिखिए। २

**प्र.२ आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए। (६)**

हरी बिन कूण गती मेरी ॥
तुम मेरे प्रतिपाल कहिये मैं रावरी चेरी ॥
आदि-अंत निज नाँव तेरो हीमायें फेरी।
बेर-बेर पुकार कहूँ प्रभु आरति है तेरी ॥
यौ संसार बिकार सागर बीच में घेरी।
नाव फाटी प्रभु पाल बाँधो बूड़त है बेरी ॥
बिरहणि पिवकी बाट जौवै राखल्यो नेरी।
दासी मीरा राम रटत है मैं सरण हूँ तेरी ॥

१) संजाल पूर्ण कीजिए। २

पद्यांश के अनुसार
- प्रतिपाल
- फट गई है
- चेरी
- बिकार सागर

२) i) निम्नलिखित शब्दों से तद्धित बनाइए। १

१. संसार २. दास

ii) पद्यांश में आए दो शब्दयुग्म खोजकर लिखिए। १

१. ________ २. ________

३) पद्यांश की अंतिम चार पंक्तियों का सरल अर्थ लिखिए। २

**विभाग ३ – पूरक पठन** ८

**प्र.३ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए। (४)**

मन-ही-मन इसी प्रकार का विचार कर वह बुलाने की प्रतीक्षा करने लगीं। उन्हें एक-एक पल, एक-एक युग से समान मालूम होता था। धीरे-धीरे गीत गुनगुनाते लगीं। उन्हें मालूम हुआ कि मुझे गाते देर हो गई। क्या इतनी देर तक भोजन कर रहे होंगे। किसी की आवाज नहीं सुनाई देती। अवश्य ही लोग खा-पीकर चले गए। मुझे कोई बुलाने नहीं आया। रूपा चिढ़ गई है, क्या जाने न बुलाए। सोचती हो की आप ही आएँगी, वह कोई मेहमान तो जो उन्हें बुलाऊँ। बूढ़ी काकी चलने के लिए तैयार हुई। यह विश्वास कि एक मिनट में पूड़ियाँ और मसालेदार तरकारियाँ सामने आएँगी, उनकी स्वादेद्रियों को गुदगुदाने लगा। उन्होंने मन में तरह-तरह के मनसूबे बाँधे, पहले तरकारी से पूड़ियाँ खाऊँगी, फिर दही और शक्कर से, कचौड़ियाँ रायते के साथ मजेदार मालूम होंगी। चाहे कोई बुरा माने चाहे भला, मैं तो माँग – माँगकर खाऊँगी, लोग यही न कहेंगे कि इन्हें विचार नहीं ? कहा करें, इतने दिन के बाद पूड़ियाँ मिल रहीं हैं तो मुँह जूठा करके थोड़े ही उठ जाऊँगी !

१) कृति पूर्ण कीजिए। २

बूढ़ी काकी को ललचाने वाले व्यंजन

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

२) ‘बुढ़ापा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है’ इस विषय पर अपने विचार लिखिए। २

**प्र.३ आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए। (४)**

खारे जल से
धुल गए विषाद
मन पावन।

मृत्यु को जीना
जीवन विष पीना
है जिजीविषा।

मन की पीड़ा
छाई बन बादल
बरसीं आँखें।

चलती साथ
पटरियाँ रेल की
फिर भी मौन।

सितारे छिपे
बादलों की ओट में
सूना आकाश।

१) i) परिणाम लिखिए। १

क) सितारों का छिपना - __________ ख) खारे जल से विषाद का धुल जाना - ___________

ii) उत्तर लिखिए। १

क) आँखों से बरसती है - ___________ ख) साथ चलते हुए भी मौन रखती हैं - __________

२) ‘मृत्यु को जीना जीवन विष पीना है जिजीविषा’ इस हायकू का भावार्थ लिखिए। २

**विभाग ४ – भाषा अध्ययन (व्याकरण)** १४

**प्र.४ सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**१) अधोरेखांकित शब्द का भेद पहचानकर लिखिए।** १

आज फिर उसे साक्षात्कार के लिए जाना है।

**२) निम्नलिखित अव्ययों में से अव्यय का अपने वाक्य में प्रयोग किजिए। (दो में से कोई एक)** १

अ) तरफ आ) के लिए

**३) कृति पूर्ण कीजिए। (दो में से कोई एक)** १

| **शब्द** | **संधि- विच्छेद** | **संधि -भेद** |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | ______ + ______ | ______________ |

**अथवा**

| शब्द | संधि- विच्छेद | संधि -भेद |
|---|---|---|
| ____________ | अंत + चेतना | ____________ |

४) **निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक सहायक क्रिया को पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए।** १

अ) मुझे लगा मेरी दूसरी टाँग भी टूट गई। आ) उनके रीति – रिवाजों का अध्ययन करना पड़ा।

| सहायक क्रिया | मूल रूप |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |

५) **निम्नलिखित में से किसी एक का क्रिया प्रथम तथा द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए।** १

| क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक रूप | द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप |
|---|---|---|
| अ) खान | ____________ | ____________ |
| आ) झुकना | ____________ | ____________ |

६) **निम्नलिकित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।** १

अ) फूट-फूटकर रोना आ) मुँह लटकाना

**अथवा**

**अधोरेखित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए।**

[काँप उठना, कलेजे में हुक उठना]

नारी पर हुए आत्याचार की कहानी पढ़कर मन में <u>वेदना उत्पन्न</u> हुई।

७) **निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारकों में से कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए।** १

अ) करामत अली ने लक्ष्मी की पीठ सहलाई।

| कारक चिह्न | कारक भेद |
|---|---|
| ________ | ________ |

८) **निम्नलिखित वाक्य में यथास्थान उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए।** १

बहन उनको संगीत की भक्ति की तथा प्रेमयुक्त सलाह की खुराक दे

९) **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो वाक्यों का सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन कीजिए।** २

i) वे पुस्तक शांति से पढ़ते है। (पूर्ण भूतकाल)

ii) ऐसा ही काम मैंने सूचित किया है। (सामान्य भविष्यकाल)

iii) अली घर से बाहर चला जाता है। (सामान्य भूतकाल)

१०) **i) नम्नलिखित वाक्य का रचना के आधार पर भेद पहचानकर लिखिए।** १

आँख खुली तो मैंने अपने आपको एक बिस्तर पर पाया।

**ii) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य का अर्थ के आधार पर दी गई सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए।** १

१) तुम्हारी बात मुझे बुरी लगी। (निषेधार्थक वाक्य)

२) गाय ने दूध देना बंद कर दिया। (विस्मयार्थक वाक्य)

११) **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्‌ध करके वाक्य फिर से लिखिए।** २

i) मैं मेरे देश को प्रेम करता है।

ii) रंगील फूल की माला बहोत सुंदर लग रही थी।

iii) उसने गाय के पीठ पर डंडे बरसाने नही चाहिए थे ।

**विभाग ५ – उपयोजित लेखन** २६

प्र.५ **अ) सूचना के अनुसार लिखिए ।** (५)

**१) पत्रलेखन**

**निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र-लेखन कीजिए ।**

शरद/ शारदा परांजपे, राम कुटीर, शुक्रवार पेठ, कोल्हापुर से अपने छोटे भाई पंकज परांजपे, नारायण निवास, सदाशिव पेठ, पुणे को कुसंगति से बचने हेतु समझाते हुए पत्र लिखता/ लिखती है ।

**अथवा**

विजय/विजया मोहिते, वरदा सोसायटी, विजयनगर, जालना से व्यवस्थापक, औषधि भंडार, नागपुर को पत्र लिखकर आयुर्वेदिक औषधियों की माँग करता/ करती है ।

**२) गद्य आकलन** (४)

**निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर परिच्छेद में एक-एक वाक्य में हो ।**

विख्यात गणितज्ञ सी.वी रमण ने छात्रावस्था में ही विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिमा का सिक्का देश में ही नहीं विदेशों में भी जमा लिया था । बात यह थी कि रमण का एक साथी छात्र ध्वनि के संबंध में कुछ प्रयोग कर रहा था । उसे कुछ कठिनाइयाँ प्रतीत हुई, संदेश हुए । वह अपने अध्यापक जोन्स साहब के पास गया परंतु वह भी उसका संदेश निवारण न कर सके । रमण को पता चला तो उन्हों ने उस समस्या का अध्ययन – मनन किया और इस संबंध में उस समय के प्रसिद्ध लॉर्ड रेले के निबंध पढ़े और उस समस्या का एक नया ही हल खोज निकाला । यह हल पहले हल से सरल और अच्छा था । लॉर्ड रेले को इस बात का पता चला तो उन्हेंने रमण की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की । अध्यापक जोन्स भी प्रसन्न हुए और उन्होंने रमण से इस प्रयोग के संबंध में लेख लिखने को कहा । रमण ने लेख लिखकर श्री जोन्स को दिया, पर जोन्स उसे जल्दी लौटा न सके । कारण संभवतः यह था कि वह उसे पूरी तरह आत्मसात न कर सके ।

**आ) सूचना के अनुसार लिखिए ।** (५)

**१) वृत्तांत – लेखन**

**अपने क्षेत्र में स्थानीय निवासियों द्वारा मनाए गए वृक्षरोपण समारोह का वृत्तांत ६० से ८० शब्दों मे लिखिए ।**

(वृत्तांत में स्थल, समय घटना का उल्लेख आवश्यक)

**अथवा**

**कहानी लेखन**

**निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर लगभग ७० से ८० शब्दों में कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए ।**

चार चोर – धन चुराना – बँटवारे के लिए जंगल में आना – भूख लगना – दो का मिठाई लाने नगर जाना – मन में पाप – मिठाई में जहर मिलाना – जंगल के दोनों चोरों की नीयत बिगड़ना – हाथ मुँह धोने के बहाने कुएँ पर ले जाना – कुएँ में धकेलना – शेष दोनों का मिठाई खाना – परिणाम – सीख !

**२) विज्ञापन लेखन** ५

**निम्नलिखित जानकारी के आधार पर ५० से ६० शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ।**




**३) निबंध लेखन**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में निबंध लिखिए।** ७

१) समाचार पत्र  २) पुस्तक प्रदर्शनी में एक घंटा  ३) मेरा प्रिय खिलाडी